वर्ष-4, अंक-1, अक्टूबर 2010

REFLECTIONS

# प्रतिबिंब

## छमाही समाचार पत्रिका




## लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय, ग्वालियर

(आई.एस.ओ. 9001:2008 प्रमाणित एवं नैक द्वारा प्रत्यायित विश्वविद्यालय, यू.जी.सी. एक्ट 1956 की धारा 3 के अन्तर्गत)

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार





प्रतिबिंब
वर्ष-4, अंक-1, अक्टूबर 2010

## विषय सूची

3 ■ नये कुलपति ने कार्यभार संभाला
■ जनरल मुखर्जी को भावभीनी विदाई

4 ■ Summer Coaching Camps
■ LNUPE Faculty Completed International Coaching Course

5 ■ स्वाधीनता दिवस मनाया
■ इन्ट्राम्यूरल्स का शुभारंभ

6 ■ 53वां स्थापना दिवस मनाया
■ Internship Completed

7 ■ Educational Tour
■ Prof. A. K. Datta in England

8 ■ PYKKA Training at LNUPE

9 ■ क्वींस बैटन रिले का स्वागत

10 ■ अखबारों की सुर्खियां

12 ■ North-East Regional Centre opened
■ Dr. Purashwani becomes International Umpire
■ Computer Laboratories modernised

13 ■ 'खेल पत्रकारिता एवं प्रबंधन संभावनाशील क्षेत्र'
■ योग एवं फिटनेस डिप्लोमा का शुभारंभ

14 ■ Admissions to various Courses
■ Visits of Dignitories

15 ■ Award of Ph. D. Degrees

16 ■ राष्ट्रमंडल खेलों में महत्वपूर्ण भूमिका
■ Consultation, Evaluation and Training Courses

17 ■ शिक्षक दिवस मनाया
■ फ्रेशर्स पार्टी में थिरके कदम

18 ■ हिन्दी सप्ताह का आयोजन
■ एथलेटिक स्पर्धा सम्पन्न
■ नये डाकघर, बैंक व ध्यानचंद छात्रावास का उद्घाटन

19 ■ अध्यापकों ने पढ़े शोध पत्र
■ एडवांस ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन
■ कुलपति का मीडिया से प्रथम संवाद

# MESSAGE
## from Vice Chancellor



LNUPE is to carve out a path and a strategy for itself so that it can be an effective instrument in the process of transformation of Physical Education scenario in the country. Simply producing employable graduates is not enough. Creation of knowledgable and innovative minds is our focus.

With this aim in mind, we are making sincere and committed efforts to develop this University as highly recognized and established Centre of Physical Education. We are helping the students to develop their knowledge, skills, competence and attitude to use them for the growth and prosperity of our society / nation.

As the Vice Chancellor of this University, I would like to see LNUPE ranked among the top most Universities of the world in the field of Physical Education. It is my endeavor to create a transparent, efficient and academically inspiring environment at the campus. Achievements of our faculty members reflect the blend of academic excellence and practical training. We are now prioritizing and focusing on the quality of Research Projects and Publications by our faculty members and the students. Improving the quality and quantity of reference books in our library is another issue that is being addressed.

Health consciousness is increasing in the society day by day. Quality professionals are required all over the country. To meet this challenge, we are focusing on the enhancement of our newly established Centre at Guwahati and upgrading the curriculum to meet the global standards. We have also been sending our faculty members abroad on regular intervals to attain global exposure and experience.

The University also had the gracious presence of International sports persons like Sania Nehwal and Pulela Gopichand. We have organized various sport events of national prominence. We hope to give such rich experience to our staff and students with some similar activities.

It is imperative that we share the responsibility with Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India as 'PAYKKA Resource Centre' to enhance the level of sports in the country starting from the Panchayat level. We are putting our heart and soul to give impetus to accomplish this mission.

I pray to Almighty God for good health and happiness of all our readers and their families!

**Maj. Gen. Sarbjit Singh Pawar,** VSM
Vice Chancellor



# नये कुलपति ने कार्यभार संभाला

मेजर जनरल सर्बजीत सिंह पवार ने 23 सितम्बर को लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय के नए कुलपति के रूप में कार्यभार संभाला। निवर्तमान कुलपति मेजर जनरल शिबनाथ मुखर्जी कार्यभार सौंपने के उपरांत श्री पवार के साथ वीरांगना लक्ष्मीबाई की प्रतिमा के समक्ष गए और माल्यार्पण किया।



सैन्य विज्ञान व प्रबंधन में अलग-अलग स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त मेजर जनरल सर्बजीत सिंह पवार को भारत के राष्ट्रपति ने विशिष्ट सेवा मेडल से अलंकृत किया है। भारतीय सेना में 38 वर्षों तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उन्होंने अफ्रीका के बोत्सवाना व भूटान में डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, स्विट्जरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बॉब्वे, संयुक्त अरब अमीरात व म्यामार आदि देशों में श्री पवार विभिन्न मिशन के तहत गए और उन्हें सफल बनाया। कैलिफोर्निया से सैन्य प्रबंधन का विशेष अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम कर चुके श्री पवार वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज के मुख्य प्रशिक्षक भी रहे हैं। वहां दो कार्यकालों के दौरान 35 राष्ट्रों के सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

जनरल पवार का खेलों से भी विशेष जुड़ाव रहा है। हॉकी, बास्केट बॉल, घुड़सवारी, निशानेबाजी तथा गोल्फ में उनकी विशेष दक्षता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ प्रशिक्षण भी दिया है। वे उत्तरी कमान की हॉकी टीम में कैप्टन रहे तथा उन्होंने भारतीय मिलिट्री अकेडमी टीम, सर्विसेज, जूनियर नेशनल घुड़सवारी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। इंडियन मिलिट्री एकेडमी बास्केट बॉल टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके श्री पवार ने बोत्सवाना की सेना को बास्केट बॉल का विशेष प्रशिक्षण छः वर्ष पूर्व दिया। नागालैंड स्थित डीमापुर में उनके कार्यकाल में विकसित खेल सुविधाएं अत्यंत उल्लेखनीय रही हैं। जो इनफेंट्री डिवीजन खेलों के प्रदर्शन के मामले में अंतिम पंक्ति में गिना जाता था सन् 2007-08 में श्री पवार ने अपने नेतृत्व कौशल से उसे प्रथम स्थान पर पहुंचाया। उत्तर-पूर्व राज्यों में चीफ ऑफ स्टाफ के महत्वपूर्ण पद पर रह चुके जनरल पवार ने म्यामांर में भारतीय सेना के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व भी किया है। ब्रिगेडियर के रूप में वे शिमला स्थित आर्मी ट्रेनिंग कमान में पदस्थ रहे तथा जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन पराक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

# जनरल मुखर्जी को दी भावभीनी विदाई

निवर्तमान कुलपति मेजर जनरल एस एन मुखर्जी के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। 23 सितंबर को संध्या के समय टैगोर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अंत में उन चित्रों की झांकी प्रस्तुत की गई, जिनसे मेजर जनरल एस एन मुखर्जी के आकर्षक व्यक्तित्व का परिचय मिलता था।



निवर्तमान कुलपति जनरल मुखर्जी का साढ़े पांच वर्षों का कार्यकाल एलएनयूपीई के 53 वर्षों के इतिहास में अत्यंत उल्लेखनीय रहा है। उनके कार्यकाल में एलएनयूपीई ने विकास व उन्नति के कई आयाम तय किए हैं। इस दौरान परिसर को अनेकों अन्तरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त किया गया और कई अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ विद्यार्थियों के आदान-प्रदान के कार्यक्रम प्रारंभ किए गए। खेल मंत्रालय के पंचायत युवा क्रीड़ा एवं खेल अभियान (पाइका) का राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र एलएनयूपीई में स्थापित किया गया। यह श्री मुखर्जी का ही प्रयास था कि चार वर्ष पहले जब श्री मणिशंकर अय्यर पंचायत एवं खेल मंत्रालय संभाल रहे थे तब ग्रामीण भारत में खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए पंचायत युवा क्रीड़ा एवं खेल अभियान (पाईका) प्रारंभ किया गया था। इसके साथ ही विश्वविद्यालय का चौमुखी विस्तार भी हुआ, जिसके तहत एलएनयूपीई के देश में चार केन्द्रों की स्थापना में पहला गुवाहाटी में स्थापित हुआ।





# Summer Training and Coaching Camps




The Department of Youth Affairs and Sports conducted Teaching, Training and Coaching Camps during Summer Vacations in May–June, 2010 in 18 different games / sports / activities namely Athletics, Aerobics, Adventure Sports, Badminton, Basketball, Cricket, Football, Gymnastics and Trampoline, Judo, Music, Physical Fitness and Weight Training, Physical Fitness (Special), Skating, Swimming, Table Tennis, Tennis, Volleyball, and Yoga. A total of 2119 candidates took advantage of this six-week training programme. The University generated an amount of Rs. 16,74,350/- from this training and coaching programme.



The Summer Coaching Programme was dedicated to the memory of late Lt. Sashindra Singh, alumnus of the University, who laid his life while fighting the enemy in Jammu & Kashmir. His sister Dr. Asha Mathur and uncle Col. Umrao Singh were present from his family during the Valedictory Function which was organized on June 19, 2010.

Lt. Gen. Yuvraj Mehta (Retd.) was the Chief Guest for the Valedictory Programme. In his address to the Youth of Gwalior he emphasized that participation in sports activities lead to character building like any other form of education. He lauded the developmental work done at the University in the last five years.


The Vice Chancellor Maj. Gen. S N Mukherjee presided over the function and mentioned that earlier about 300 participants only used to take part in this programme whereas this strength has now crossed 2000 mark which is a positive sign and indication of developing sports culture in and around Gwalior.

## LNUPE Faculty Completed International Coaching Course

Three faculty members of the University namely Dr. Pushpendra Purashwani, Dr. Birendra Jhajharia and Dr. Nibu R. Krishna have successfully completed International Coaching Course with grade "Excellent" from March 27 to June 17, 2010 from Semmelwes University, Budapest, Hungary. Dr. Purashwani did Diploma in Table Tennis whereas Dr. Jhajharia and Dr. Nibu completed in General Conditioning.





# हर्षोल्लास से मनाया स्वाधीनता दिवस



लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय में 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस मनाने के साथ-साथ तीन अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। पंचायत युवा क्रीड़ा एवं खेल अभियान के प्रशिक्षणार्थियो तथा एलएनयूपीई के एनसीसी कैडेट्स ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य 'आनंद मेले' का आयोजन भी किया गया। संध्या के समय टैगोर सभागार में स्वर्ण जयंती व रजत जयंती वर्ष के भूतपूर्व विद्यार्थियों का परिचय व सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 15 से 17 अगस्त को विश्वविद्यालय में इस प्रकार के समारोह आयोजित किए जाते हैं। 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस समारोह के बाद 16 अगस्त को अंतर आवासीय स्पर्धाओं का शुभारंभ व 17 अगस्त को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन होता है। तीन वर्ष पूर्व एलएनयूपीई के स्वर्ण जयंती वर्ष से कुलपति मेजर जनरल एस एन मुखर्जी ने यह परंपरा शुरू की है जिसके अन्तर्गत हर वर्ष स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर स्वर्ण जयंती व रजत जयंती वर्ष के भूतपूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाता है। इस सिलसिले में इस वर्ष श्री कंवलजीत सिंह, श्री बलवीर सिंह व श्री पी एस यादव ने स्वर्ण जयंती बैच के विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व किया। रजत जयंती बैच का प्रतिनिधित्व श्री राजन मैथ्यू, श्री चन्द्रशेखर धाकड़, देवाशीश बागची, श्रीमती ऋतु जय अरोड़ा, श्रीमती अनुसुइया चौधरी राणा, श्रीमती देवेन्दर कौर भारद्वाज व श्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज आदि ने किया।

# मार्चपास्ट के साथ इन्ट्राम्यूरल्स का शुभारंभ

विश्वविद्यालय में 16 अगस्त से अंतः आवासीय 'इंट्राम्यूरल्स' स्पर्धाओं का शुभारंभ विधिवत मार्चपास्ट व फुटबॉल मैच के साथ हुआ। इस अवसर पर कुलपति मेजर जनरल एस. एन. मुखर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मार्चपास्ट में पुरुष वर्ग में प्रताप हाउस, आजाद हाउस, शिवाजी हाउस, सुभाष हाउस क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे व चौथे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में सरोजिनी हाउस प्रथम व पद्मिनी हाउस द्वितीय स्थान पर रहे। मार्चपास्ट का नेतृत्व शिवाजी हाउस की तरफ से वेणु माधव पाण्डे, प्रताप हाउस की ओर से गौरव यादव, सुभाष हाउस की तरफ से नरेन्द्र सोनी, आजाद हाउस की ओर से पालन दीवान वही सरोजनी हाउस की ओर से निधि सचान व पद्मिनी हाउस की ओर रीना गुलाटी ने किया। इस अवसर पर 59 जीआर इन्फेंट्री बटालियन के बैंड ने अपने मार्चपास्ट व करतबो से लोगों को मंत्रमुग्ध किया।



जनरल मुखर्जी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्होंने सेना में रहते हुए अनेक मार्चपास्ट देखे हैं परंतु एलएनयूपीई के विद्यार्थियो के मार्चपास्ट ने उन्हें बहुत प्रभावित किया है। महत्वपूर्ण बात यह रही कि मार्चपास्ट के दौरान छात्रों की निगाहें बिल्कुल विचलित नहीं हुई। कुलपति ने मार्चपास्ट से पूर्व विश्वविद्यालय का ध्वज फहराया। समारोह का आयोजन इंट्राम्यूरल डायरेक्टर डॉ. जयश्री आचार्य के निर्देशन व डॉ. वीरेन्द्र झांझरिया के सह-निर्देशन में किया गया। निर्णायक के रूप में एलएनयूपीई के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर सी वी राव, प्रोफेसर रमेश पाल, भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर रेखा सिंह, भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल पल्लव बोरा व श्री चित्तरंजन विश्वास उपस्थित थे।





# परंपरागत ढंग से मनाया 53वां स्थापना दिवस

विश्वविद्यालय ने अपना 53वां स्थापना दिवस 17 अगस्त को परंपरागत ढंग से मनाया। प्रातः 7.00 बजे कुलपति मेजर जनरल एस एन मुखर्जी ने प्रशासनिक मुख्यालय के सामने विश्वविद्यालय का ध्वज फहराया तथा वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता 'बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी' तथा संस्थान का कुलगीत 'शक्ति नगर के सेनानी हम...' का गायन किया।



जनरल मुखर्जी ने इस अवसर पर सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि एलएनयूपीई की प्रतिष्ठा एवं यश को बढ़ाने के लिए सभी मिलजुल कर परिश्रम करें। गत पांच वर्षों में विश्वविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं एवं आधारभूत ढांचे का बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है। अब जरूरत इन सभी सुविधाओं का देशहित में सदुपयोग करने की है। कुलपति ने इस अवसर पर 10 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया। तदुपरांत 11 बजे उपकुलसचिव श्री एम पी सिंह के निर्देशन में विश्वविद्यालय के साधना स्थल पर गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस के सुंदरकाण्ड का पाठ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात् दोपहर 12 बजे से विभिन्न धर्मगुरुओं के प्रवचन प्रारंभ हुए। धर्मगुरुओं ने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान अध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिश्रम ही है जिसके कारण इस संस्था को समूचे एशिया महाद्वीप में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। वर्तमान अध्यापकों व अधिकारियों को भी इसी परंपरा का अनुशरण करते हुए विश्वविद्यालय को नई ऊंचाई प्रदान करनी चाहिए। इस अवसर पर शहर काजी अब्दुल हमीद कादरी, फूलबाग गुरुद्वारा के ग्रंथी व ईसाइ धर्मगुरू विशेष रूप से उपस्थित थे। तत्पश्चात् साधना स्थल पर विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने लंगर का आनंद उठाया।

# Internship Completed

## by University Students

The students of Post Graduate Diploma in Fitness Management did their mandatory Internship and Training in SPA, Massage and Health Club Management during the period April–May, 2010. The students did their Internship at different centres like Elementary Health Club, Chandigarh; Elementary Health Club, Gurgaon and Stallon Fitness Club, Surat. The students also got practical training in Naturopathy treatment at Niramaya, Vivekananda Needam, Gwalior.

Similarly the students of Post Graduate Diploma in Sports Journalism were attached to various Electronic and Print Media for their Internship Programme in the months of July and August, 2010, like D. D. Sports, New Delhi; Doordarshan Kendra, Gwalior; All India Radio, New Delhi; Dainik Bhaskar, Gwalior; Nai Duniya, Gwalior; Rajasthan Patrika, Jaipur; Dainik Bhaskar, Bhopal; Rashtriya Sahara Bureau, Gwalior; Amar Ujala, Agra and R-PLUS Channel, Kolkata.

The students of B.P. Ed. IV year were deputed to different schools all over the country for completing there mandatory Internship Programme from June 21 to August 15, 2010.






# Sports Journalism Students on Educational Tour



To make the students of Sports Journalism acquainted with the functioning of print and electronic media, the Department of Sports Management and Journalism every year organises an educational tour for the students of Post Graduate Diploma in Sports Journalism. This year the group visited Delhi from May 1-4, 2010.



During the Educational Tour, the students visited various media houses like ZEE News, UNI, Amar Ujala, Doordarshan, All India Radio etc. They met many veteran and eminent journalists like Kuldeep Nayar, Yashwant Vyas (Chief Editor, Amar Ujala), N. K. Singh (General Secretary, Broadcasters Association of India), Lakshmi Shankar Vajpai (Director, AIR, New Delhi), Environmentalist Anupam Mishra. Interaction with these personalities provided them important guidelines to be a committed journalist in accordance with the environment and ethics of Journalism. The group was accompanied by two faculty members and one photographer. The students also visited some places of historical and cultural importance like Qutab Minar, India Gate, National Modern Art Gallery, National Museum and Gandhi Museum.



## Prof. A.K. Datta in England

Prof. A. K. Datta, Dean, Students Welfare and Director, PYKKA Resource Centre attended an International Exchange Seminar on International Community Coaches Education Systems from April 12-16, 2010 at London and Leeds organized by United Kingdom Sports. The main object of this International Exchange Programme was to provide current knowledge in the training and accreditation of Community Sports Coaches. Prof. Datta observed high level of professionalism and commercialism among sport experts in U.K. He also found a very close liaison of National Sports Federations with Training and Accreditation Institutions.





# PYKKA Training at LNUPE





The Ministry of Youth Affairs & Sports, Govt. of India has entrusted the responsibility upon our University to design, frame and conduct training for Master Trainers under its schemes 'Panchayat Yuva Krida Aur Khel Abhiyan (**PYKKA**)' and 'Sport and Games for Persons with Disabilities (**SGPD**)'. The University has been conducting PYKKA Courses since August 19, 2009. The **first** Master Training Course for this session was held from August 2–16, 2010 which was attended by 83 candidates (64 Male and 19 Female) from 16 different States/UTs namely Andhra Pradesh, Arunachal Pradesh, Andaman & Nicobar, Assam, Chhattisgarh, Daman & Diu, Gujarat, Himachal Pradesh, Jharkhand, Maharashtra, Orissa, Rajasthan, Tamil Nadu, Tripura, Uttrakhand and Uttar Pradesh. The course was inaugurated by Prof. Ramesh Pal, incharge Vice-Chancellor.

During the course, the candidates were divided into three groups and competitions were held in sports like Basketball, Handball, Football, Volleyball and Tug of War. Practical experience was provided to the participants in drawing the fixtures, conducting tournaments and awarding points as per revised operational guidelines of PYKKA. The unique feature of this course was that the participants organized a Tree Plantation Drive in the campus on Independence Day. At the and of the course the participants were evaluated both in theory and practicals.

The **second** PYKKA course was held from September 13-27, 2010 which was inaugurated by the Vice-Chancellor Maj. Gen. S N Mukherjee. It was attended by 63 Master Trainers from 15 different States/UTs namely Andhra Pradesh, Arunachal Pradesh, Assam, Bihar, Chhattisgarh, Haryana, Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, Karnataka, Maharashtra, Meghalaya, Orissa, Punjab, Tripura, and Uttar Pradesh. During the course cultural activities were also organized apart from local site seeing to Gwalior Fort, Scindia Museum and Surya Temple. Maj. Gen. Sarabjit Singh Pawar Vice Chancellor, was the Chief Guest during Valedictory Function who exhorted the participants to work with dedication, devotion and self-sacrifice to ensure that the population residing in rural areas gets an opportunity to participate in sporting activities in order to widen the base of sports participants in the country.

Under the scheme 'Games and Sports for Persons with Disabilities (**GSPD**)', the





University conducted the **first** Master Trainers Course from July 20–24, 2010. A total of 79 Master Trainers (61 males and 18 females) hailing from 19 States/UTs attended the course which was inaugurated by Prof. Ramesh Pal, Incharge Vice-Chancellor. The course is coordinated by Special Olympics Bharat (SOB). The unique feature of this training programme was to provide practical experience in conducting sports competitions for the people with disabilities. The Master Trainers were also oriented in conducting Camp Fire Programmes.



The **second** Master Trainers Course under GSPD scheme was conducted from August 26–30, 2010, which was also inaugurated by Prof. Ramesh Pal, Incharge Vice-Chancellor. This course was attended by 101 Master Trainers from 10 different States/UTs namely, Andhra Pradesh, Assam, Bihar, Chhattisgarh, Delhi, Madhya Pradesh, Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, Uttar Pradesh, and Uttrakhand. During the course knowledge was provided about different categories of disabilities, warm-up essentials, skill identifications, sports for deaf, unified sports, planning & conducting competitions, media handling and reporting etc. Sports like athletics, football, swimming, fun games etc. were covered.

The **third** Master Trainers Course under GSPD scheme was held from September 4–8, 2010. It was inaugurated by Prof. A. K. Datta, Incharge Vice-Chancellor. This course was attended by 71 Master Trainers hailing from 12 State/UTs. Maj. Gen. S N Mukherjeee Vice-Chancellor was the Chief Guest for the valedictory function, who expressed his faith and confident in the abilities of Master Trainers a order to teach and train the people with disabilities and to conduct Sport Events for them. He hoped that the GSPD scheme will developed self-confidence, self-esteem and will boost morale of the differently abled people. He also advised the Master Trainers to handle the people with disabilities with utmost care so that they can also become contributing members of our society.



## क्वींस बैटन रिले दल का स्वागत

19वें राष्ट्रमंडल खेलों की मशाल लेकर 20 सितम्बर को ग्वालियर आई क्वींस बैटन रिले टीम का विश्वविद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। कुलपति जनरल मुखर्जी की अगुआई में एलएनयूपीई के विद्यार्थी मुख्य द्वार से टैगोर हॉल तक कतारों में दोनों ओर खड़े थे। मूसलाधार वर्षा भी एलएनयूपीई के छात्र-छात्राओं के उत्साह को न रोक सकी। स्वागत समारोह के पश्चात् कुलपति महोदय ने एलएनयूपीई के मुख्य द्वार पर खिलाड़ियों को मशाल थमाई और अगले पड़ाव की तरफ रवाना किया। इस अवसर पर श्रीमती तुषारकणा मुखर्जी, कुलसचिव डॉ. एल.एन. सरकार, प्रो. रमेश पाल, प्रो. ए.एस. साजवान, प्रो. विवेक पाण्डे, प्रो. जी.डी. घई, डॉ. जयश्री आचार्य, श्रीमती इन्दु बोरा, डॉ. मदन सिंह राठौर, डॉ. अमर कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।





# अखबारों की सुर्खियां


पुष्पेन्द्र बने अंतरराष्ट्रीय टेबल टैनिस अम्पायर
विश्व के नक्शे पर हम
एलएनयूपीई। 14 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक स्विमिंग पूल होगा तैयार
मेजर जनरल एस एस पवार ने कुलपति का कार्यभार संभाला
कुलपति महोदय की प्रथम पत्रकार वार्ता
टीचर्स खेले वॉलीबॉल
127 सीपीएड टीचर्स ले रहे प्रशिक्षण
भ्रमण के दौरान जाना खेल पत्रकारिता को
बच्चों को खेल मैदान तक लाएं: मेहता
चंद सेकंड में मिलेंगी किताबें
हार का डर नहीं: सायना
दो हजार बच्चे ले रहे हैं प्रशिक्षण
अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है वीडियो लाइब्रेरी
लैब में बनेगा डिस्कशन रूम
इक्विपमेंट है खास
एडिटिंग रूम होगा खास
पैनल डिस्कशन से निखरेगा हुनर
यह है हौसले की तैराकी
शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन
चरित्र निर्माण का आधार है 'खेल'
खिलाड़ियों को मिलेंगी और सुविधाएं
नौनिहालों ने बांधा समां

# North-East Regional Centre at Guwahati opened

The Planning Commission of India authorized our University to open four regional centres during the 11th Five Year Plan, 2007-2012. Taking the process ahead, the Vice-Chancellor Maj. Gen. S N Mukherjee liaised with a number of state governments to explore the possibilities of opening a regional centre of this University in their state. Two state governments namely, Assam and Uttrakhand took the initiative in this regard and willingly offered to fulfill the mandatory requirements of allotting Rs. one crore as corpus fund and 100 acres of developed land.


The Assam government singed a Memorandum of Understanding on May 14, 2010 which was attended by Mr. Bharat Chandra Narah, Minister for Sports & Youth Affairs, Govt. of Assam; Mr. Akan Bora, Minister for Social Welfare, Govt. of Assam; Mr. Ajay Tewari, Commissioner & Secretary, Sports & Youth Welfare, Govt. of Assam; Maj. Gen. S. N. Mukherjee, Vice Chancellor, LNUPE, Gwalior along with several other officials and press reporters.



The Assam Govt. allocated Tepaysia Stadium, Sonapur Sports Complex and other venues at which 2006 National Games were held, measuring appx. 275 bighas with built-up infrastructures of Multipurpose Hall, Cycling Velodrome, Archery Range and some buildings which are now converted into class-rooms, laboratories, hostels and mess. The Tepaysia Campus at Guwahati is a very scenic and beautiful place surrounded by hills on three sides and lush green vegetation. The first batch of B.P.Ed. 1st year with 30 students was run from Gwalior Campus during the academic session 2009-10. A batch of 48 students are admitted this year at Guwahati itself and the first batch was shifted to Guwahati in 2nd year to start the classes with full steam from July 20, 2010.

Prof. S. Mukherjee from Gwalior has been deputed at Guwahati Reginal Centre as first I/c Dean along with other teaching and administrative staff.

## Dr. Purashwani becomes International Umpire




Dr. Pushpendra Purashwani, Assistant Professor of the University has qualified two examinations of International Table Tennis Umpire and ITTF Racket Controller conducted by International Table Tennis Federation in April, 2010 and November, 2009 at Asian Championship, respectively. Results were declared in June, 2010.

## Computer Laboratories modernised

All three Computer Laboratories in the Department of Computer Science and Applied Statistics were modernized and upgraded in the months of July–August, 2010. These laboratories are very intensively used by the students of different courses.





# 'खेल पत्रकारिता एवं प्रबंधन संभावनाशील क्षेत्र'




'खेल पत्रकारिता एवं खेल प्रबंधन दोनों अत्यंत संभावनाशील क्षेत्र हैं। आजकल इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया में समय व स्थान का एक बड़ा हिस्सा खेलों को मिलता है क्योंकि खेल समाज में शांति, खुशहाली व समता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दृष्टि से समाचार जगत को प्रशिक्षित व उत्कृष्ट खेल पत्रकारों की बहुत आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से एलएनयूपीई में पांच वर्ष पूर्व खेल प्रबंधन एवं खेल पत्रकारिता विभाग की स्थापना हुई।' उक्त विचार विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल एस एन मुखर्जी ने गत 18 अगस्त को खेल प्रबंधन एवं पत्रकारिता विभाग के नवीन सत्र के उद्घाटन के अवसर व्यक्त किए।

कुलपति श्री मुखर्जी ने विद्यार्थियों से कहा कि एलएनयूपीई संख्या में कम और गुणवत्ता में ज्यादा विश्वास करता है। गुणवत्ता से कोई समझौता न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाता है। इसलिए विद्यार्थियों का भी यह दायित्व है कि वे हमेशा समय के पाबंद रहें। इस अवसर पर श्रीमती तुषारकणा मुखर्जी ने कहा कि पत्रकारिता में बनाने व बिगाड़ने की शक्ति निहित है तथा भावी पत्रकार इस शक्ति का सदुपयोग करने में विश्वास रखें। श्रीमती मुखर्जी ने आशा व्यक्त की कि धीरे-धीरे यह विभाग अपनी चमक बिखेरेगा। विभागाध्यक्ष प्रो. वी के डबास ने विभाग की ओर से स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संकाय सदस्य जयंत सिंह तोमर ने विभाग की प्रगति की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन संकाय सदस्य श्री राहुल त्रिपाठी व धन्यवाद ज्ञापन श्री शंभू प्रसाद ने किया।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. एल एन सरकार, अधिष्ठता छात्र कल्याण प्रो. ए के दत्ता, टीचर एजुकेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो. विवेक पांडेय, स्वास्थ्य एवं योग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. वी डी बिंदल तथा डॉ. वीरेन्द्र झाझरिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

# योग एवं फिटनेस डिप्लोमा का शुभारंभ



विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य एवं योग विभाग द्वारा संचालित एक वर्षीय योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा तथा फिटनेस मैनेजमेंट के पी. जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नवीन सत्र का शुभारंभ संस्थान के कुलपति मेजर जनरल शिबनाथ मुखर्जी के मुख्य आतिथ्य में 19 अगस्त को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती तुषारकणा मुखर्जी व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. एल. एन. सरकार थे। इस अवसर पर संस्थान के कुलपति महोदय ने आधुनिक जीवन में योग व फिटनेस की महत्ता बताते हुए पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्र व छात्राओं को विस्तार से बताया कि किस प्रकार योग एवं फिटनेस द्वारा नागरिकों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुए विभिन्न बीमारियों से भी बचाया जा सकता है। विभाग के प्रभारी अध्यक्ष डॉ. बी.डी. बिंदल ने दोनों पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।





# Admission done to various Courses

Admissions to various Courses were done by different Departments as per the time-table and number of seats given here below:

| S. No. | Name of Course | Department | No. of Candidates Admitted | Date of Admission Test |
|---|---|---|---|---|
| 1. | B. P. Ed. (Integrated) | Teacher Education: Gwalior<br>Guwahati | 136<br>48 | June 28 to<br>July 01, 2010 |
| 2. | M. P. Ed. | Teacher Education | 61 | June 22–23, 2010 |
| 3. | M. Phil. | Research Development and Advanced Studies | 05 | July 2, 2010 |
| 4. | Ph. D. (Regular) | Research Development and Advanced Studies | 09 | - |
| 5. | Diploma in Sports Coaching (5 games/sports) | Coaching and Fitness | 21 | July 14–17, 2010 |
| 6. | P. G. Diploma in Sports Coaching (8 games/sports) | Coaching and Fitness | 38 | July 14–17, 2010 |
| 7. | P. G. Diploma in Sports Journalism | Sports Management and Sports Journalism | 14 | August 2, 2010 |
| 8. | P. G. Diploma in Sports Management | Sports Management and Sports Journalism | 04 | August 3, 2010 |
| 9. | P. G. Diploma in Fitness Management | Health Sciences & Yoga | 16 | August 3, 2010 |
| 10. | P. G. Diploma in Yoga with Alternate Therapies | Health Sciences & Yoga | 06 | August 5, 2010 |

## Visits of Dignitories



- Prof. Beena Saha, Secretary Sports, Association of Indian Universities, visited the University in May, 2010 and had the privilege of receiving treatment at Naturopathy Centre, Department of Health Science & Yoga.
- Miss Saina Nehwal, International Badminton Player and her Coach Mr. Pulela Gopichand visited the University in July, 2010.
- Mrs. Yashodhara Raje Scindia, Member of Parliament, Gwalior visited the University in July, 2010 for inauguration of Badminton Academy.
- Mr. Avinish Kumar, Consultant, Department of Narcotics Control Bureau, New Delhi visited the University and delivered Lectured on "Drug Abuse" on September 4, 2010.






# Award of Ph. D. Degrees

The University awarded Ph. D. Degrees to following successful candidates during the period April–September, 2010:

| S.No. | Name of Candidate | Title of Research | Guide | Date of Award |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Miss Deepanjli | Study of Achievement Motivation, Aggression and Aspiration Levels in Athletes of Residential Schools | Dr. (Mrs) Indu Mazumdar | 09.04.2010 |
| 2. | Mr. Jaswant S. Thakur | Comparative Effect of Selected Exercise Programme on Blood Lipid Profile of Obese and Non-Obese Sedentary Males | Dr. R. N. Dey | 09.04.2010 |
| 3. | Mr. Ratnesh Singh | Analysis of Media Sponsorship Talent Development and Resource Management Programmes of Board of Control for Cricket in India: Survey Study | Prof. V. K. Shrivastava | 09.04.2010 |
| 4. | Mr. Sunil Ku. Sengar | An Evaluation of B. P. Ed. Programme in Different Institutions of India | Prof. R. N. Dey | 09.04.2010 |
| 5. | Mr. Ram Datt Sharma | Physical and Physiological Profiles of Different Levels of Basketball Players | Prof. L. N. Sarkar | 09.04.2010 |
| 6. | Miss Gunjan Gupta | Comparative Study of Health Related Physical Fitness Among Firls of Uttar Pradesh | Prof. L. N. Sarkar | 04.06.2010 |
| 7. | Mr. Sujay Bisht | An Assessment of Physical and Physiological Effect of Training Programme of M. P. State Women Hockey Academy | Prof. R. N. Dey | 04.06.2010 |
| 8. | Mr. Amar Kumar | Electro Myographical Analysis of Spike in Volleyball | Prof. S. Mukherjee | 04.06.2010 |
| 9. | Mr. Shailesh Singh | Relationship of Emotional Intellegence and Coping Skills to Playing Ability in Handball Players | Prof. L. N. Sarkar | 05.08.2010 |
| 10. | Mr. Yogesh Chander | Motor Fitness Variables as Predictors of Playing Ability in Volleyball | Prof. S. Mukherjee | 23.08.2010 |






# राष्ट्रमंडल खेलों में महत्वपूर्ण भूमिका



प्रो. मोनिका देवनाथ



प्रो. वी. के. डबास



प्रो. ए. एस. साजवान



डॉ. विलफ्रैड वॉज

अक्टूबर माह में आयोजित होने जा रहे 19वें राष्ट्रमंडल खेलो को सफल बनाने के लिए लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को कुछ महत्वपूर्ण भूमिकाएं दी गई हैं। विश्वविद्यालय में योग एवं स्वास्थ्य विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. मोनिका देवनाथ की सेवायें ऐरोबिक्स व जिम्नास्टिक्स के आयोजन की उपमहानिदेशक के रूप में ली गई हैं। वही खेल प्रबंधन एवं पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार डबास इन खेलो में भारतीय पैरालिम्पिक तैराकी टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच की भूमिका निभा रहे हैं। कोचिंग एवं फिटनेस विभागाध्यक्ष प्रो. ए. एस. साजवान एथलेटिक्स की दौड़ों में फोटो फिनिस हेतु विशेषज्ञ के रूप में कार्य करेंगे। विश्वविद्यालय के व्याख्याता सर्वश्री हीरालाल यादव एवं शंभू प्रसाद तथा विद्यार्थी मेघा जैन एवं अनिल पाटीदार का चयन निर्णायक के रूप में किया गया है।

विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विलफ्रैड वॉज को निःशक्तजनो के खेलकूदो से संबंधित संस्था इंटरनेशनल पैरालिम्पिक कमेटी ने पॉवर लिफ्टिंग स्पर्धाओं की टेक्निकल कमेटी में पर्यवेक्षक के तौर पर चयनित किया है। एलएनयूपीई के व्याख्याता श्री अंकन सिन्हा एवं कु. लक्ष्मीदेवी को भी डॉ. विलफ्रैड वॉज के सहायक के रूप में चयनित किया गया है। साथ सर्वश्री प्रदीप कुमार, रामबहादुर, मोहित सिंह शेरावत व विक्रम कुमार नामक विद्यार्थियों को टेक्निकल कमेटी के लिए चुना गया है। इनके अलावा 14 अन्य छात्रों एवं 4 छात्राओं ने भी विभिन्न खेलो में वोलिंटियर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


# Consultation, Evaluation and Training Courses



The Department of Teacher Education conduced Consultation, Evaluation & Training Course for Physical Education Teachers working in various CBSE Schools all over the country and abroad from June 1–15, 2010. A total of 129 Physical Education Teachers working in Government and Public Schools participated in the Course. The Vice Chancellor Maj. Gen. S N Mukherjee was the Chief Guest for both Inaugural and Valedictory Functions.

The Department also conducted similar Course for Physical Education Teachers of Kendriya Vidyalaya Sangathan from Junly 9–29, 2010. A total 43 Teachers from Ahmedabad, Bangalore, Bhubneshwar, Chandigarh, Chennai and Hydrabad Regions took part inthe 21-day programme. The programmes were coordinated by Prof. Vivek Pande.







# शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता : मुखर्जी

विश्वविद्यालय ने 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के रूप में अद्‌भुत अंदाज से मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति मेजर जनरल एस एन मुखर्जी मुख्य अतिथि एवं श्रीमती तुषारकणा मुखर्जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ एलएनयूपीई के रवीन्द्रनाथ टैगोर सभागार में सुबह 10 बजे आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समस्त गुरूजन एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की गई। जनरल मुखर्जी ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नही होता और कहा कि गुरू ब्रह्म, गुरू विष्णु, गुरू देवो महेश्वरा, गुरू साक्षात परब्रह्मा, तस्मे श्री गुरुवे नमः अर्थात् गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा होता है क्योंकि ईश्वर तक जाने का मार्ग गुरू ही दिखाता है।

मुख्य अतिथि द्वारा पूर्व प्राध्यापक प्रो. ए. वाई. साठे, प्रो. सी. बी. राव एवं प्रो. एस. आर. गंगोपध्याय को स्मृतिचिन्ह भेंट किए। तत्पश्चात् एमपीएड के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने गुरुजनो को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। शिक्षक दिवस के अवसर पर एलएनयूपीई के शिक्षकों को पी.एच.डी., एम.फिल और एम.पी.एड. के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्राम दिया जाता है और स्वयं अपने शिक्षकों के कार्य को संभालते हैं तथा सभी कक्षाएं विधिवत रूप से संचालित करते हैं।

कार्यक्रम में आज कुलपति के रूप में पी.एच.डी. के छात्र श्री याकुब रहे। इस अवसर पर कुछ एम.पी.एड. के छात्रों द्वारा स्व. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

## फ्रेशर्स पार्टी में थिरके कदम

बीपीएड प्रथम वर्ष और पीजी डिप्लोमा के छात्र-छात्राओं के लिए 13 सितम्बर का दिन कुछ खास था, क्योंकि विश्वविद्यालय में 'फ्रेशर्स डे' का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक क्लब का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रमों की शुरुआत कुलपति मेजर जनरल एस.एन. मुखर्जी ने सांस्कृतिक क्लब के सदस्यों को प्रोत्साहन स्वरूप छोटी सी भेंट देकर की। इससे पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा ऑडिटोरियम को कॉमनवेल्थ गेम्स की थीम पर सजाया गया था। ऐसा लग रहा था मानो कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरूआत इसी संस्थान से होने जा रही हो। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत होते ही एक के बाद एक प्रस्तुतियां फ्रेशर्स द्वारा प्रस्तुत की जा रही थी। यह देख सभी दर्शकगण झूमने पर मजबूर हो गये। शिक्षकों ने भी इसका काफी लुत्फ उठाया।










# हिन्दी सप्ताह का आयोजन

हिन्दी को राष्ट्र भाषा के रूप में तेजी से विकसित किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। प्रतिवर्ष यदि इस दिशा में थोड़ी भी प्रगति होती है, तो अपने आप में यह एक बड़ी बात होगी। यह बात कुलपति श्री मुखर्जी ने हिन्दी सप्ताह के समापन समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करे हुए कही। हिन्दी सप्ताह का आयोजन 14 से 20 सितम्बर तक किया।

उन्होंने विश्वविद्यालय की वेबसाइट को जल्द ही अंग्रेजी व हिन्दी दोनों भाषाओं में विकसित करने के निर्देश दिए। कुलपति ने हिन्दी सप्ताह के दौरान सम्पन्न हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। बरसात विषय पर केन्द्रित निबंध लेखन प्रतियोगिता में मेजर डॉ. शशिभूषण शर्मा प्रथम, अवनीश शर्मा व पंकज बांगर द्वितीय तथा आर.एम. सक्सेना व अनिल त्रिपाठी को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार दिया गया। आगमन विषय पर हुई कविता लेखन प्रतियोगिता में मेजर डॉ. शशिभूषण शर्मा, आर.एम. सक्सेना क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे।

अनिल त्रिपाठी व रामबाबू दोहरे को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार दिया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एल.एन. सरकार, वित्त अधिकारी ए.के. सक्सेना, उपकुलसचिव एम.पी. सिंह, सहायक कुलसचिव एन.एल. रोहिरा, सहायक कुलसचिव के.के. भाटिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

# इंटर स्कूल एथलेटिक स्पर्धा सम्पन्न


एलएनयूपीई में इंटर स्कूल एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन 10 सितम्बर को किया गया, जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड मेडल सहित कुल 14 पदक जीते। भारतीयम स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। बालक वर्ग की 1500 मी. दौड़ में उमेश सिंह, 800 मी. दौड़ में बलवीर सिंह, 400 मी. दौड़ में मानव मित्तल व 100 मी. दौड़ में तरनजीत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 1500 मी. में स्वाती भदौरिया, 800 मी. में राशु सिंह, 400 मी. में सुमन और 100 मी. में शालिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बैटन रिले के लिए उत्साह जाग्रत करना था। अंत में कुलपति जी ने भी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नया डाकघर, बैंक व ध्यानचंद छात्रावास का उद्घाटन



लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय में 20 सितम्बर को नवीन डाक एवं बैंक भवन तथा ध्यानचंद छात्रावास का विधिवत उद्घाटन कुलपति मेजर जनरल एस एन मुखर्जी ने किया। नवीन डाक एवं बैंक भवन करिअप्पा कॉम्पलेक्स के पीछे बनकर तैयार हुआ है। ग्वालियर के नागरिकों को बैंक व पोस्ट ऑफिस में प्रवेश में कोई बाधा न हो इस उद्देश्य से इन दोनों भवनों के लिए एक प्रवेश द्वार मेला रोड की ओर बनाया गया है।






डॉ. जयश्री आचार्य


श्री जे. पी. भूकर


डॉ. वीरेन्द्र झाझरिया


डॉ. अनंदिता दास


डॉ. महेश सिंह ढपोला


श्री संजीव चौधरी

# आध्यापकों ने अंतराष्ट्रीय कांग्रेस में शोध पत्र पढ़े

हरियाणा के फरीदाबाद स्थित मानव रचना अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में सितम्बर माह में आयोजित राष्ट्र मंडल अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स साइंस कांग्रेस में एलएनयूपीई के प्राध्यापकों व शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। डॉ. जयश्री आचार्य, डॉ. वीरेन्द्र झाझरिया, श्री जे.पी. भूकर, डॉ. अनंदिता दास, श्री संजीव चौधरी, कु. सपना अग्रवाल, डॉ. महेश सिंह ढपोला व कु. यासमिन अंजुम द्वारा प्रस्तुत किए गए ये शोध पत्र ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स एंड मेडीसिन में प्रकाशित होंगे। इस अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस में 60 अन्य देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।


कु. सपना अग्रवाल


कु. यासमिन अंजुम

## विश्व कुश्ती हेतु एडवांस ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन

विश्व विश्वविद्यालय कुश्ती चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय टीम के चयन एवं प्रशिक्षण के लिए कोचिंग एवं फिटनेस विभाग द्वारा 9 से 20 सितम्बर एवं 1 से 20 अक्टूबर तक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों का चयन 16 सितम्बर को प्रशिक्षण शिविर के दौरान किया गया। इस शिविर में 8 प्रतिभागी पुरुष वर्ग में एवं 7 प्रतिभागी महिला वर्ग में शामिल हुए। कोचिंग एवं फिटनेस विभाग में पदस्थ श्री बलवीर सिंह गिल ने कैम्प में समन्वयक की भूमिका निभाई।

छपते-छपते

# शैक्षणिक गुणवत्ता व शोध सर्वोच्च प्राथमिकता

**नवीन कुलपति का मीडिया से प्रथम संवाद**



कार्यभार ग्रहण करने के बाद 13 अक्टूबर को आयोजित अपनी पहली पत्रकार वार्ता में कुलपति मेजर जनरल सर्बजीत सिंह पवार ने शैक्षणिक गुणवत्ता व शोध को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय देश का एक उत्कृष्ट व आकर्षक विश्वविद्यालय है, जहां जीवन के स्पंदन का अहसास हर पल होता है।

उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के कुलपति का दायित्व मिलना उनके लिए प्रसन्नता का विषय है तथा हमारा मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करना है क्योंकि विद्यार्थी ही किसी संस्था की वास्तविक पहचान होते हैं। शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में इस विश्वविद्यालय ने अब तक उच्चस्तरीय प्रदर्शन किया है। इसे विश्व में महत्वपूर्ण स्थान दिलाने के लिए अकादमिक उत्कृष्टता व शैक्षणिक कार्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार सहित प्राध्यापकों के रिक्त पदों पर सुयोग्य व बहुआयामी प्रतिभा से सम्पन्न व्यक्तियों की नियुक्ति, शोध परियोजनाओं व प्रकाशनों पर विशेष ध्यान केन्द्रित करना आवश्यक होगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के वास्तविक उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु विभिन्न विभागों के पुनर्गठन व छात्रावास, भोजनालय, खेल मैदान, कक्षाओं, शिक्षकों के आवास व मार्गों सहित सम्पूर्ण परिसर को और आकर्षक बनाना आवश्यक है।

कुलपति ने कहा कि गुवाहाटी स्थित क्षेत्रीय केन्द्र में आवश्यकता अनुसार स्टाफ की नियुक्ति कर केन्द्र को और उच्चस्तरीय बनाया जाएगा तथा विश्वविद्यालय में उपलब्ध समस्त सुविधाओं व संसाधनों का समुचित सदुपयोग करने की दिशा में ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।





# प्रतिबिंब

वर्ष-4, अंक-1, अक्टूबर 2010


## APPOINTMENTS

| | |
|---|---|
| **Maj. Gen. S. S. Pawar,** Vice Chancellor | **- 24.09.2010** |
| **Ku. Ritika Pal,** Steno-Typist (UGC-ASC) | **- 23.09.2010** |
| **Shri Hemant Rana,** Hostel Attendant (UGC-ASC) | **- 09.09.2010** |
| **Dr. Deepak Sharma,** Assistant Professor | **- 03.09.2010** |
| **Shri Manoj Ojha,** Stenographer (Hindi) | **- 13.07.2010** |
| **Shri B. B. Pradhan,** Stenographer (English) | **- 23.06.2010** |
| **Shri Atul Tripathi,** Stenographer (English) | **- 11.06.2010** |

## RETIREMENTS

| | |
|---|---|
| **Maj. Gen. S. N. Mukherjee,** Vice Chancellor | **- 23.09.2010** |
| **Shri Shiv Charan Sharma,** Care Taker | **- 31.05.2010** |

## FORTHCOMING EVENTS

| | |
|---|---|
| **Board of Management** | **- 18.01.2011** |


**Maj. Gen. S.S. Pawar**
Vice Chancellor
(0751) 4000900 (O), 4000901 (R)
Fax - (0751) 4000990

**Dr. L. N. Sarkar**
Registrar
(0751) 4000902(O), 4000929 (R)
Fax - 4000992



### Editorial Board

**Prof. V. K. Dabas**
H.O.D., DSMSJ

**Dr. Wilfred Vaz**
Associate Professor

**Dr. Pushpendra Purashwani**
Assistant Professor

**Mr. Jayant Singh Tomar**
Assistant Professor

**Mr. Rahul Tripathi**
Assistant Professor

**Mr. Tarun Singh Tomar**
Photographar

**Mr. Rajendra Kushwaha**
Layout Designer

**Mr. Sunil Kumar Bhuriya**
Typist



Period Covered :
**April 2010 to Sept. 2010**

Date of Publication :
**October 1, 2010**




**Multipurpose Sports Hall at North-East Centre, Guwahati**


Compiled and produced by: **Department of Sports Management and Sports Journalism**


Visit us at
**www.lnupe.gov.in**

